PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Nai Dunia, Delhi
Wed, 07 Jun 2017, Page 9
Width: 8.30 cms, Height: 25.57 cms, a4, Ref: 16.2017-06-07.94

जीएसटी से हासिल होगी 9 फीसदी विकास दर : नीति आयोग

नई दिल्ली (एजेंसी)। नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कांत ने कहा है कि अगले महीने से लागू हो रही नई कर व्यवस्था जीएसटी से देश को 9 फीसदी आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने में मदद मिलेगी। कांत ने कहा कि जीएसटी देश की कराधान प्रणाली को सरल बनाएगा और इससे कर चोरी से निपटने में मदद करेगा। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा, 'जीएसटी 1947 के बाद देश का सबसे बड़ा कर सुधार है।' उन्होंने कहा कि जीएसटी का क्रियान्वयन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है और यह देश के कराधान ढांचे में बड़ी क्रांति लाएगा।

कई विशेषज्ञों ने भी कहा है कि जीएसटी से सकल घरेलू उत्पादन (जीएसटी) की वृद्धि दर में 1-2 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है और इसकी बदौलत लंबी अवधि में महगाई 2 फीसदी से ज्यादा घटेगी।